**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में एप्लिकेशन्स ऑफ ड्रोन्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन</u>

विश्वविद्यालय में एप्लिकेशन्स ऑफ ड्रोन्स विषय पर कार्याशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में डा. राजीव सिंह, प्राध्यापक, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, उत्तराखण्ड, देहरादून एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय के मध्य एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने विभाग में चल रहीं ड्रोन संबंधित शोध परियोजनाओं, रिसर्च प्रोजेक्टर जैसे कि कम लागत वाले ड्रोन छिड़काव मॉड्यूल, ड्रोन द्वारा बीमारियों का पता लगाना के बारे में भी बताया।

सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आई.टी.डी.ए. ड्रोन एप्लीकेशन एंड रिसर्च सेंटर डी.ए.आर.सी. से आये हुए मास्टर ट्रेनर, विशेषज्ञ शशांक और शुभम ने ड्रोन के एप्लिकेशन्स के बारे में बताया। उन्होंने ड्रोन के कंपोनेंट्स, ड्रोन से संबंधित विभिन्न अनुप्रयोगों जैसे कि ट्रैफिक मॉनिटरिंग, आग लगने पर ड्रोन का उपयोग एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस में ड्रोन का उपयोग आदि के बारे में भी बताया। इस मौके पर डा. देवेन्द्र कुमार, एक्टिंग डीन, प्रौद्योगिक महाविद्यालय एवं डा. संजय माथुर, विभागाध्यक्ष इल्क्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग भी उपस्थित रहे। डा. संजय माथुर विभागाध्यक्ष एल्क्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ने बताया कि टेक्नोलॉजी बहुत तेजी से बदल रही हैं हमारे अनुमान से भी ज्यादा तेज। उन्होंने बतायर कि ड्रोन तकनीक भी बहुत ही नयी एवं कारगर तकनीक है एवं इसका दैनिक उपयोग भी अब हो रहा है।




*कार्यक्रम में ड्रोन्स की जानकारी देते अधिकारी।*